Title: Need to provide stoppage of Utsarg Express at Ratanpura railway station in Mau District, Uttar Pradesh.

श्री बालकृष्ण चौहान (घोसी) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र घोसी जनपद मऊ, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के एक महत्वपूर्ण स्टेशन रतनपुरा से होकर गुजरने वाली नई ट्रेन "उत्सर्ग एक्सप्रैस" जो छपरा से लखनऊ तक जाती है, की ओर दिलाना चाहता हूं। रतनपुरा स्टेशन के चारों तरफ घनी आबादी है तथा ट्रैफिक के हिसाब से लाभकारी भी है। क्षेत्र की जनता की उत्कट इच्छा है कि उत्सर्ग एक्सप्रैस नियमित रूप से रतनपुरा में रुका करे। इस बाबत क्षेत्रीय जनता आंदोलनरत है। रेलवे प्रशासन द्वारा कई बार उक्त स्टेशन पर उत्सर्ग के ठहराव का आश्वासन दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक ठहराव सुनिश्चित नहीं हो सका।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि रतनपुरा स्टेशन पर जनहित में उत्सर्ग का ठहराव किया जाए।